विद्यावती मुकन्दलाल गर्ल्स कॉलेज, गाजियाबाद

आवश्यक सूचना

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के कार्यालय पत्रांक Affi/2991 दिनांक 04–12–2024 के अनुपालन में महाविद्यालय की छात्राओं हेतु विश्वविद्यालय द्वारा रोजगार सम्बन्धी "TimesPro App" लाँच किया गया है। उक्त "App" के माध्यम से अधिक से अधिक छात्रायें अपना पंजीकरण कराकर विभिन्न रोजगार सम्बन्धी सूचनाएें एवं अपने विषय/तकनीकि से सम्बन्धित इंटर्नशिप आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकती हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त पत्र "TimesPro App" के संदर्भ में अधिक जानकारी हेतु पत्र संलग्न है।

संलग्नक–उक्त पत्र।

Uma 10/12/24
(प्रो० उमा जोशी)
संयोजिका
मेंटरिंग एण्ड काउंसलिंग सेल

RPrasad 10/12/24
[प्रो० (डॉ०) रचना प्रसाद]
कार्यवाहक प्राचार्या
Officiating Principal
Vidyavati Mukund Lal Girls College
Dayanand Nagar, Ghaziabad

प्रतिलिपि :–

1. समस्त शिक्षिकाओं को छात्राओं के Whatsapp Group में प्रेषित किये जाने हेतु।
2. वेबसाईट प्रभारी को वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

Uma 10/12/24
(प्रो० उमा जोशी)
संयोजिका
मेंटरिंग एण्ड काउंसलिंग सेल

RPrasad 10/12/24
[प्रो० (डॉ०) रचना प्रसाद]
कार्यवाहक प्राचार्या
Officiating Principal
Vidyavati Mukund Lal Girls College
Dayanand Nagar, Ghaziabad

दूरभाष : PBX-2762021, 22, 24
फैक्स नं. : 0121-2764777

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक Affi/2991
दिनांक 04.12.2024

सेवा में,
समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय/स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान(सम्ब्द्ध)
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ

विषयः– शासकीय/अर्द्धशासकीय/स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान में रोजगार सम्बन्धी **"TimesPro App"** में पंजीकरण एवं विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु।

महोदय/महोदया,

आपको सूच्य है कि माननीया कुलपति जी के निर्देशन में **दिनांक 13.11.2024 को प्रातः 12:00** बजे कुलपति कार्यालय (भूतल स्थित समिति कक्ष) में चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में टाइम्स ग्रुप द्वारा विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु **रोजगार सम्बन्धी "TimesPro App" लॉच** किया जा चुका है। उक्त "App" लॉच के माध्यम से विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र/छात्राऐं ऐप पर अपना पंजीकरण कराकर विभिन्न रोजगार सम्बन्धी सूचनाऐं प्राप्त कर पायेंगे तथा अपने विषय/तकनीकि से सम्बन्धित इंटर्नशिप और रोजगार खोजने/प्राप्त करने का विस्तृत अवसर प्राप्त होगा।

मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के समस्त महाविद्यालयो/संस्थानो (राजकीय/ऐडेड/स्ववित्त पोषित) के विद्यार्थियों हेतु रोजगार सम्बन्धी **''टाइम्सप्रो ऐप''** के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान करने तथा पंजीकरण हेतु **टाइम्सप्रो ग्रुप** के वरिष्ठ अधिकारियों तथा रोजगार प्रकोष्ठ द्वारा **देय तिथि एवं समय अनुसार वर्कशाप** का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है।

जिन महाविद्यालयो में उपरोक्त वर्णित टीम का प्रस्थान होगा। उन सभी महाविद्यालय/संस्थान को तिथि एवं समय की सूचना दो दिन पूर्व ही टाइम्सप्रो ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रदान कर दी जायेगी।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में विद्यार्थियों हेतु रोजगार सम्बन्धी **टाइम्सप्रो ऐप** के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान करने तथा ऐप में **पंजीकरण हेतु** टाइम्सप्रो ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारियों एवं रोजगार प्रकोष्ठ, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ के अधिकारियों को पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए उनके साथ सामंजस्य स्थापित कर अपने महाविद्यालय/संस्थान के समस्त विधार्थियों को **देय तिथि/समय** के अनुसार उपस्थित होना तथा टाइम्सप्रो ऐप में पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। ताकि समस्त विद्यार्थियों को उपरोक्त वर्णित ऐप का लाभ प्राप्त हो सकें।

नोटः– उपरोक्त के सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु **श्री वरूण जिन्दल**, वरिष्ठ अधिकारी, टाइम्सप्रो ग्रुप, **मो0 नम्बर–9717722800,ई0मेल–varun.jindal@timesgroup.com** तथा **प्रो0 एस0 एस0 गौरव**, समन्वयक, रोजगार प्रकोष्ठ, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ, **मो0 नम्बर–9412782201** एवं **श्री कुशाग्र सिंह**, कनिष्ठ सहायक, रोजगार प्रकोष्ठ, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ, **मो0 नम्बर–7409993737** से सम्पर्क किया जा सकता है।

धन्यवाद।

भवदीय

03.12.2024
कुलसचिव

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. वैयक्तिक सहायक मा0 कुलपति जी, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
3. प्रधान सहायक (सम्बद्धता), चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
4. छात्र कल्याण अधिष्ठाता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।

कुलसचिव